कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय

काठाड़ीह, रायपुर 492013 (छत्तीसगढ़)

दूरभाष : 0771 2969202 ई–मेल examination.ktujm@gmail.com

क्रमांक ...1151.../परीक्षा विभाग/26 रायपुर, दिनांक ...12.../11/2026

//अधिसूचना//

विश्वविद्यालय की अध्ययन शालाओं एवं संबद्ध महाविद्यालयों में संचालित स्नातक/स्नातकोत्तर/पी.जी. डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत नियमित/भूतपूर्व एवं ए.टी.के.टी. छात्रों से सेमेस्टर परीक्षा जुलाई–दिसम्बर 2026 हेतु परीक्षा आवेदन ऑफलाइन के माध्यम से आंमत्रित किया जा रहा है। आवेदन पत्र एवं शुल्क जमा करने की तिथि निम्नानुसार निर्धारित की जाती है–

क्र.	विवरण	दिनांक
1.	बिना विलंब शुल्क के साथ परीक्षा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि	16/11/2026 से 30/11/2026 तक
2.	₹ 60 विलंब शुल्क सहित परीक्षा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि	01/12/2026 से 07/12/2026 तक
3.	₹ 60 विलंब शुल्क + ₹ 125 प्रति दिन की दर से (अतिरिक्त विलंब शुल्क) सहित परीक्षा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि	परीक्षा प्रारंभ होने के तीन दिन पूर्व तक

परीक्षा आवेदन – समस्त परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन पत्र संबंधित महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय अध्ययन शाला तथा विश्वविद्यालय की वेबसाइट **ktujm.ac.in** से प्राप्त कर सकते हैं

नोट –

01. आवेदन पत्र भरकर शुल्क एवं आवश्यक प्रपत्र के साथ अपने महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय अध्ययन शाला में जमा करें।
02. अनुत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को भूतपूर्व छात्र/छात्रा के रूप में सम्मिलित होने हेतु परीक्षा आवेदन पत्र एवं शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि से पहले विश्वविद्यालय से अनुमति प्राप्त करना होगा तथा अनुमति पत्र परीक्षा आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

समस्त परीक्षार्थियों के लिए शुल्क विवरण –

क्र.	विवरण	शुल्क
1.	**परीक्षा आवेदन पत्र शुल्क**	₹ 60 प्रति आवेदन
2.	**स्नातक स्तर के पाठ्यक्रम के लिए**	₹ 700 प्रति सेमेस्टर
3.	**स्नातक स्तर के ए.टी.के.टी. परीक्षार्थी के लिए**	₹ 150 प्रति प्रश्न पत्र
4.	**स्नातकोत्तर स्तर के पाठ्यक्रम के लिए (डिग्री/पी.जी. डिप्लोमा /एम.फिल. के लिए)**	₹ 800 प्रति सेमेस्टर
5.	**स्नातकोत्तर स्तर के पाठ्यक्रम के ए.टी.के.टी. परीक्षार्थी के लिए (डिग्री/पी.जी.डिप्लोमा के लिए)**	₹ 200 प्रति प्रश्न पत्र
6.	**विश्वविद्यालय विकास शुल्क (केवल प्रथम सेमेस्टर के परीक्षार्थियों के लिये)**	₹ 500

विश्वविद्यालय अध्ययन शाला एवं संबद्ध महाविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों से प्राप्त परीक्षा आवेदन पत्र विश्वविद्यालय में जमा करने हेतु तिथियॉं –

क्र.	विवरण	दिनांक
1.	बिना विलंब शुल्क सहित परीक्षा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि	02/12/2026
2.	₹ 60. विलंब शुल्क सहित परीक्षा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि	09/12/2026
3	₹ 60 विलंब शुल्क + ₹ 125 प्रति दिन की दर से (अतिरिक्त विलंब शुल्क) सहित परीक्षा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि	परीक्षा प्रारंभ होने के तीन दिन पूर्व तक

अध्ययनशालाओं एवं महाविद्यालयों हेतु निर्देश :–

01. विश्वविद्यालय द्वारा भेजे गये परीक्षा आवेदन पत्र विद्यार्थियों को उपलब्ध कराएं। विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेब साइट ktujm.ac.in से भी परीक्षा आवेदन पत्र प्रिंट कर भर सकते हैं। विश्वविद्यालय अध्ययनशाला द्वारा विद्यार्थियों को परीक्षा आवेदन फार्म एवं निर्देश उनके व्हाटसएप ग्रुप के माध्यम से भी उपलब्ध कराएं।
02. निर्धारित शुल्क उपरोक्तानुसार होगा तथा परीक्षा आवेदन अग्रेषित किया जाना अनिवार्य है।
03. विश्वविद्यालय अध्ययनशाला के जिन विद्यार्थियों ने सेमेस्टर शिक्षण शुल्क जमा नहीं किया है। उनका परीक्षा आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। जिन्होंने पूर्व में परीक्षा शुल्क जमा कर दिया है, उन्हें निर्धारित तिथि में फार्म, शुल्क रसीद व अन्य प्रमाण पत्रों के साथ जमा करना होगा। अन्यथा विलंब शुल्क उपरोक्तानुसार देय होगा।
04. विद्यार्थियों द्वारा आवेदन के साथ पूर्व परीक्षाओं की समस्त अंकसूचियों की स्व–प्रमाणित छाया प्रतियां संलग्न करना अनिवार्य है।
05. ए.टी.के.टी. तथा समस्त मुख्य सेमेस्टर/भूतपूर्व परीक्षा हेतु परीक्षार्थियों को अलग–अलग आवेदन पत्र एवं शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा।
06. विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पी.जी. डिप्लोमा प्रथम सेमेस्टर के छात्रों को स्नातक की अंकसूची संलग्न करना अनिवार्य है।
07. कृपया आवेदन पत्रों की जॉंच कर यह सुनिश्चित किया जाए कि परीक्षार्थी ने पर्यावरण विषय उत्तीर्ण कर लिया है।
08. परीक्षार्थियों द्वारा भरे हुए परीक्षा आवेदन पत्र नामिनल रोल, न्युमरिकल रिटर्न, शुल्क सूची, गोसवारा के साथ विभागाध्यक्ष/प्राचार्य से हस्ताक्षर कराकर (मुहर सहित) शुल्क प्रमाणीकरण के पश्चात् जावक पंजी में दर्ज कर परीक्षा विभाग को सौंपे जाएं।
09. प्रतिदिन आवश्यक अभिलेखों में प्रविष्ठी कर कार्यवाही करें ताकि छात्र/छात्राओं द्वारा फार्म व शुल्क महाविद्यालय में जमा करने की तिथि से अगले दिन निर्धारित तिथि में फॉर्म विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा करने में असुविधा न हों।

नोट :–

01. समस्त महाविद्यालय छात्रों से प्राप्त आवेदन पत्र, अन्य अभिलेख एवं शुल्क प्राप्त कर रेखांकित डिमांड ड्राफ्ट जो कुलसचिव, कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर के पद नाम से देय हो तैयार कर निर्धारित तिथि तक विश्वविद्यालय में जमा करें।

02. विभाग/महाविद्यालय में नियत समय में फॉर्म प्राप्त होने पर परीक्षा विभाग में समय पर फार्म भेजे जाना सुनिश्चित करने का दायित्व विभागाध्यक्ष/प्राचार्य का होगा। परीक्षा विभाग में फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि से तीन कार्य दिवस पश्चात् केवल विलंब शुल्क के साथ ही फॉर्म स्वीकार किए जाएंगे।
03. विभागाध्यक्ष/प्राचार्य यह सुनिश्चित कर लें कि एटीकेटी/Promoted के छात्रों द्वारा एटीकेटी/Promoted परीक्षा हेतु अलग से परीक्षा फार्म भरा गया है।

(सुनील कुमार शर्मा)
कुलसचिव
रायपुर, दिनांक 12/11/2026

पृ.क्र. 1152/परीक्षा विभाग/26

प्रतिलिपि :–

01. माननीय कुलपति महोदय के निज सहायक, कुलपति कार्यालय
02. समस्त विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय अध्ययनशाला,
03. प्राचार्य, समस्त संबद्ध महाविद्यालय, छत्तीसगढ़।
04. वित्त अधिकारी/सहायक कुलसचिव एवं प्रभारी अधिकारी समस्त विभाग,
05. प्रभारी, कम्प्यूटर केन्द्र को इस निर्देश के साथ कि उक्त अधिसूचना परीक्षा आवेदन पत्र सहित वेबसाइट में अपलोड करें
    ..... कुभाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)।
06. सूचना पटल में चस्पा हेतु।
07. संपादक समस्त स्थानीय समाचार पत्र रायपुर को इस निवेदन के साथ कि कृपया अपने लोकप्रिय समाचार पत्र के आगामी अंक में छात्रहित में समाचार के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

कुलसचिव

कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर

नियमित/भूतपूर्व/ए.टी.के.टी छात्र/छात्राओं हेतु परीक्षा आवेदन–पत्र

(अनुक्रमांक को छोड़कर अन्य समस्त पूर्तियाँ स्पष्ट अक्षरों में परीक्षार्थी स्वयं भरें।

आवेदक अपना नाम एवं माता, पिता/पति का नाम हायर सेकेण्डरी/विगत परीक्षा की अंकसूची में दर्शित नाम के अनुसार ही लिखें)

(केवल वि.वि. कार्यालय उपयोग के लिए)

परीक्षा शुल्क एवं अन्य शुल्क की राशि .....

हस्ताक्षर परीक्षा प्रभारी .....

अनुक्रमांक .....

नामांकन क्रमांक .....

(परीक्षार्थी इस वि.वि. द्वारा जारी नामांकन क्रमांक दर्ज करें)

आधार क्रमांक .....

ABC ID* .....

परीक्षा सत्र ..... परीक्षा का नाम .....

सेमे. ..... महा./यू.टी.डी. का नाम .....

परीक्षा केन्द्र का नाम ..... परीक्षा का माध्यम – हिन्दी ☐ अंग्रेजी ☐

1. परीक्षार्थी का नाम (हिन्दी में) श्री/श्रीमती/कुमारी .....

   अंग्रेजी के कैपिटल लेटर्स में नाम ☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐

2. (अ) पिता/पति का नाम (हिन्दी में) ..... (अंग्रेजी में) .....

   (ब) माता का नाम (हिन्दी में) ..... (अंग्रेजी में) .....

3. जन्म तिथि (अंकों में) : दिनांक ☐☐ माह ☐☐ वर्ष ☐☐ शब्दों में .....

4. वर्ग : सामान्य ☐ अनु. जाति ☐ अनु.जनजाति ☐ अन्य पिछड़ा वर्ग ☐ अल्पसंख्यक ☐ (अपने वर्ग में √ चिन्ह लगायें)

5. लिंग : महिला ☐ पुरूष ☐ (अपने वर्ग में √ चिन्ह लगायें)

6. राष्ट्रीयता ..... दूरभाष/मोबाइल नंबर .....

7. स्थानीय पता .....

8. स्थायी पता .....

9. अहर्तादायी (Qualifying) परीक्षा का विवरण (नीचे उल्लेखित कर अंकसूची की सत्यापित प्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें)

परीक्षा का नाम	उत्तीर्ण वर्ष	अनुक्रमांक	विषय/प्रश्न पत्र	परीक्षाफल	बोर्ड/वि.वि. का नाम
			1. . . . . 2		
			3. . . . . 4		
			5. . . . . 6		

10. वर्तमान परीक्षा का विवरण (प्रचलित पाठ्यक्रम के अनुसार चयन कर नीचे उल्लेखित करें) :–

परीक्षा का नाम	विषय कोड	सैद्धांतिक विषय	विषय कोड	सैद्धांतिक विषय	विषय कोड	प्रायोगिक विषय

11. यदि विगत वर्षों में किसी भी वि.वि. द्वारा आयोजित किसी परीक्षा में अनुचित साधनों का उपयोग करते पाए गए हों तथा निर्णयानुसार परीक्षा में सम्मिलित होने की पात्रता है तो उसका विवरण (मूल पत्र संलग्न करें)

परीक्षा . . . . . वर्ष . . . . . अनुक्रमांक . . . . . निर्णय . . . . . .

12. परीक्षार्थी यदि इस विश्वविद्यालय की अन्य किसी एटीकेटी (ATKT) परीक्षा में सम्मिलित हो रहा है, तो उसका पूर्ण विवरण दें।

. . . . . .

13. परीक्षा में सम्मिलित होने की अर्हता एवं उपाधि की सत्यापन हेतु स्नातक/स्नातकोत्तर के अंतिम सेमेस्टर के छात्र पिछली परीक्षाओं के अंकसूची के साथ अतिरिक्त अनिवार्य विषय पर्यावरण अध्ययन उत्तीर्ण की अंकसूची अनिवार्य रूप से संलग्न करें।

प्रति,

कुलसचिव,
कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं
जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर (छ0ग0)

परीक्षार्थी अपना नवीनतम फोटो चिपकाएँ। अग्रेषणकर्ता अधिकारी प्रमाणित करें।

महोदय,

मैं विश्वविद्यालय की सत्र .....में आयोजित की जाने वाली (परीक्षा का नाम) ..... सेमेस्टर ..... की परीक्षा में नियमित/भूतपूर्व/ए.टी.के.टी. छात्र/छात्रा के रूप में सम्मिलित होना चाहता/चाहती हूँ। वि.वि. द्वारा निर्धारित परीक्षा आवेदन पत्र, परीक्षा शुल्क कुल रूपये ..... दिनांक ..... को महाविद्यालय/अध्ययनशाला में जमा कर दिया है। परीक्षा आवेदन पत्र में मैंने अपना नाम, उपनाम, माता का नाम एवं पिता का नाम, हायर सेकेण्डरी/विगत पिछली परीक्षा की अंकसूची में दर्ज नाम के अनुसार ही परीक्षा आवेदन पत्र में चाही गई समस्त विवरण सही–सही अंकित किया है। इस विवरण मे यदि कोई तथ्य असत्य अथवा भ्रांतिपूर्ण होने की स्थिति मे मेरा परीक्षा आवेदन पत्र विश्वविद्यालय द्वारा निरस्त किया जा सकेगा। मैंने इस परीक्षा संबंधी अध्यादेश तथा विश्वविद्यालय की अन्य सभी विज्ञप्तियाँ और निर्देशों का अध्ययन किया है। उनमें दी गई सभी शर्तों का पालन करूंगा/करूंगी।

दिनांक : .....

स्थान : .....

भवदीय

परीक्षार्थी के हस्ताक्षर
संपर्क हेतु कोड सहित दूरभाष/मोबाईल क्रमांक
.....

अग्रेषण
(नियमित/भूतपूर्व/ए.टी.के.टी छात्र/छात्राओं के लिए)

मैं प्रमाणित करता हूँ कि श्री/श्रीमती/कुमारी .....
पिता/पति श्री ..... माता का नाम .....
कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय की .....
सेमेस्टर/एटीकेटी (ATKT) परीक्षा सन् ..... में प्रवेश की पात्रता रखते हैं। इनके सभी प्रमाण पत्रों की जॉच मैंने **की है तथा प्रमाणित करता हूँ कि** छात्र/छात्रा द्वारा दी गई जानकारी सत्य है व संलग्न छायाचित्र इन्हीं का है। प्रावधानांतर्गत **इन्होंने उपस्थिति पूर्ण कर ली है।** इन्होंने अपेक्षित प्रायोगिक कार्य पूर्ण कर लिया है या वांछित अवधि तक पूर्ण कर लेंगे। **परीक्षार्थी द्वारा अंकसूची की छाया प्रति प्रस्तुत करने पर प्राचार्य/अग्रेषणकर्ता द्वारा प्रमाणित कराना अनिवार्य है।**

दिनांक .....

स्थान : .....

विभागाध्यक्ष/प्राचार्य
(अग्रेषणकर्ता के हस्ताक्षर)
अध्ययनशाला/महाविद्यालय का नाम तथा मुहर

नोट :– 1. छात्र–छात्रा द्वारा प्रस्तुत तथ्यों का समस्त उत्तरदायित्व अग्रेषणकर्ता विभागाध्यक्ष/प्राचार्य का होगा।

2. कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय/अन्य विश्वविद्यालय से/बोर्ड से परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले परीक्षार्थी को उत्तीर्ण परीक्षा के अंकसूची की प्रमाणित सत्य प्रतिलिपि संलग्न करना अनिवार्य है ।

3.आवेदन के साथ संलग्न छायाप्रतियों को विभागाध्यक्ष/प्राचार्य द्वारा मूल अभिलेख से मिलान कर सत्यापित करना आवश्यक है।

कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय
रायपुर (छत्तीसगढ़)

– निर्देश –

1. **अंतिम तिथि** : परीक्षार्थी अपना परीक्षा आवेदन पत्र विश्वविद्यालय द्वारा घोषित निश्चित तिथि तक अनिवार्यतः अपने महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय अध्ययन शाला में स्वयं प्रस्तुत करें।
2. **नामांकन क्रमांक** : (क) परीक्षार्थी यदि वे इस विश्वविद्यालय से नामांकित हैं तो अपना नामांकन क्रमांक यथा स्थान अवश्य लिखें। यह ध्यान रहे कि कोई परीक्षार्थी नामांकन के बिना विश्वविद्यालय की किसी भी परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेगा। (ख) जिस परीक्षार्थी का इस विश्वविद्यालय में एक बार नामांकन हो चुका है, उनका वही नामांकन क्रमांक भविष्य की समस्त परीक्षाओं में प्रयुक्त होगा ।
3. **सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा आवेदन में Academic Bank of Credit (ABC) ID लिखना आवश्यक है।**
4. **पात्रता प्रमाण पत्र** : विदेशी अथवा भारत के अन्य विश्वविद्यालय अथवा छत्तीसगढ़ के बाहर अन्य मण्डलों (बोर्ड्स) से आने वाले परीक्षार्थी को परीक्षा आवेदन पत्र भरने के पूर्व विश्वविद्यालय से एक पात्रता प्रमाण–पत्र प्राप्त करना चाहिये। परीक्षा आवेदन पत्र भरने से पूर्व ही ऐसा प्रमाण–पत्र इस विश्वविद्यालय की संबंधित शाखा से प्राप्त किया जाए जिसके लिए पूर्ववर्ती परीक्षाओं की समस्त अंकसूची एवं प्रमाण–पत्रों की अभिप्रमाणित प्रतियां, निर्धारित शुल्क सहित आवेदन प्रस्तुत करना चाहिए। ऐसे अर्हता प्रमाण–पत्र को मूल रूप मे इस आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना है ।
5. **परीक्षा का विवरण** : परीक्षार्थी को अपना नाम हिन्दी तथा अंग्रेजी में स्पष्ट एवं शुद्ध लिखना चाहिए, क्योंकि यही नाम उसकी उपाधि पर लिखा जायेगा। महिलाएँ अपने नाम के पूर्व कुमारी अथवा श्रीमती जो भी हो, अवश्य लिखें। आवेदन पत्र में वही नाम अंकित किया जाए जो हायर सेकेण्डरी/विगत पिछली परीक्षा की अंकसूची/प्रमाण पत्र पर अंकित हो ।
6. दुहरे पाठ्यक्रम में सम्मिलित न होने हेतु निर्देश – कोई भी परीक्षार्थी किसी भी सत्र में एक साथ विश्वविद्यालय की दो उपाधि परीक्षाओं में सम्मिलित नहीं हो सकता ।
7. समस्त छात्रों को प्रायोगिक परीक्षा की तिथि व समय आदि के बारे में संबंधित अध्ययन शाला या परीक्षा केन्द्र के केन्द्र अधीक्षक/प्राचार्य से सम्पर्क करें, क्योंकि प्रायोगिक परीक्षा की तिथियाँ उनके द्वारा ही निश्चित की जाती है। इस संबंध में विश्वविद्यालय में किसी प्रकार की पूछताछ न करें।
8. परीक्षा का माध्यम : सभी विषयों की परीक्षा का माध्यम हिन्दी/अंग्रेजी अथवा पाठ्यक्रमानुसार छत्तीसगढी भाषा में होगा ।
9. आधार कार्ड की प्रति संलग्न करें।
10. अंतिम वर्ष के छात्र/छात्रा उपाधि शुल्क रू. 810/– की राशि आवेदन के साथ जमा करें।
11. भूतपूर्व छात्र/छात्रा को नामांकित वर्ष में प्रचलित पाठ्यक्रमानुसार सम्मिलित होना होगा। भूतपूर्व छात्र के रूप में परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अनुमति प्राप्त करने के लिए आवेदन समस्त अंकसूचियों के साथ विश्वविद्यालय में प्रस्तुत करें।
12. स्नातक उपाधि प्राप्ति हेतु सभी विद्यार्थियों अतिरिक्त विषय पर्यावरण की परीक्षा उत्तीर्ण करना आवश्यक है।

कुलसचिव